**लघु उद्योगों द्वारा किया गया निर्यात**

**99. डा. जिनेन्द्र कुमार जैन :**
**श्री राम जेठमलानी :**

क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि लघु उद्योग क्षेत्र द्वारा चालू वर्ष के प्रथम छः माह में किए गए निर्यात की मात्रा पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान किए गए निर्यात की मात्रा से काफी अधिक है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार लघु उद्योग को नए प्रोत्साहन देने पर विचार कर रही है ताकि उनके निर्यात मे वृद्धि हो सके ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

**वाणिज्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री शान्तिलाल पुरुषोत्तमदास पटेल) :** (क) चालू वित्त के पहले छः महीनों के दौरान लघु क्षेत्र के उद्योगो द्वारा किए गए निर्यात के ब्यौरे उपलब्ध नहीं हैं।

(ख) और (ग) प्रश्न नही उठता।

**राष्ट्रीय बचत बैंकों द्वारा लघु उद्योगों को ऋण**

**100. श्री राम जेठमलानी :**
**श्री बलरामसिंह यादव :**

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान लघु उद्योग क्षेत्र को दिये गए ऋण की कुल राशि कितनी थी ;

(ख) चालू वित्तीय वर्ष के पहले छः माह में अब तक कुल कितना ऋण दिया गया है ;

(ग) क्या यह सच है कि लघु उद्योग क्षेत्र को वित्तीय सहायता देने के लिए एक अन्य बैंक की स्थापना की गई है ; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और उक्त बैंक ने सितम्बर, 1990 तक कितना ऋण दिया है ?

**वित्त मंत्रालय में उपमंत्री और विदेश मंत्रालय में उपमंत्री (श्री दिग्विजय सिंह):** (क) और (ख) भारतीय रिजर्व बैंक से प्राप्त सूचना के अनुसार सरकारी क्षेत्र के बैंको द्वारा लघु औद्योगिक एककों को प्रदान की गई कुल बकाया राशि मार्च, 1990 और सितम्बर, 1990 के अन्त तक क्रमशः 15221 करोड़ रुपए और 15373 करोड़ रुपये थी।

(ग) और (घ) जी, हा। लघु क्षेत्र में उद्योग के संवर्धन, वित्त पोषण और विकास करने तथा लघु उद्योग क्षेत्र मे उद्योग के संवर्धन, वित्तपोषण और विकास मे लगी संस्थाओ के कार्य का समन्वय करने और इससे संबधित या जुड़े मामलो के लिए प्रमुख वित्तीय संस्था के रूप मे भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक दिनाक 2 अप्रैल, 1990 से काम कर रहा है। सितम्बर, 1990 की स्थिति के अनुसार भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक ने राज्य वित्तीय निगमो और वाणिज्यिक बैंकों को 770.4 करोड़ रुपए की पुनर्वित्त सहायता संवितरित की है।

**Notification regarding exemption from quality control and pre-shipment inspection of exports**

101. KUMARI ALIA:
SHRI S. S AHLUWALIA:

Will the Minister of COMMERCE be pleased to state.

(a) whether Government are aware that exemption grants to some exporters during September-November, 1990 from quality control and pre-shipment inspection procedure has resulted in the export of sub-standard goods like cashew nuts, en-